दिनांक 29/06/2022 को निदेशक, सीका की अध्यक्षता में सम्पन्न विश्वविद्यालय की प्रचार–प्रसार प्रकोष्ठ की गठित समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 29/06/2022 को निदेशक, सीका की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय में गठित प्रचार प्रसार समिति की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण इस कार्यवाही विवरण के साथ संलग्न हैं।

बैठक में दूरस्थ शिक्षा में प्रचार प्रसार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई , जिसमें सर्व सम्मति से निम्न बिन्दुओं पर सहमति व्यक्त की गई ;

1– निदेशक, सीका ने दूरस्थ शिक्षा को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया तथा इसको छात्रों में लोकप्रिय बनाये जाने हेतु इसके प्रचार प्रसार को अतिमहत्वपूर्ण बताया। इसके लिए क्षेत्रवार राज्य के भिन्न–भिन्न कॉलेजों/माध्यमिक स्कूलों में परामर्श सत्रों के आयोजन किये जाने व दूरस्थ शिक्षा के विभिन्न आयामों से छात्रों को अवगत कराए जाने का सुझाव दिया, जिस पर समिति के सभी सदस्यों ने इस सुझाव के अनुसार कार्यक्रम बनाये जाने पर सहमति दी।

2– ऐसे सभी तरीके जिससे उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठयक्रमों की जानकारी विद्यालयी छात्रों को प्राप्त हो सके, उन सभी तरीकों की एक सूची तैयार कर सबसे बेहतर तरीकों को प्रचार प्रसार के माध्यमों में सम्मिलित किये जाने पर सहमति प्रदान की गई ।

3– विश्वविद्यालय में संचालित ऐसे पाठयक्रम जो रोजगारपरक हैं और जिनमें पाठयक्रम शुल्क भी अन्य विश्वविद्यालयों की अपेक्षा कम हैं को छात्रों तक पहुचाने हेतु राज्य के कॉलेजो/माध्यमिक स्कूलों में प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण किया जाए । इस तरह के आयोजनों को प्रमुखता के साथ किये जाने पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की।

4– गोद लिए गऐ गावों में किये जा रहे कार्यक्रमों का रिकार्ड रखे जाने व उसे वेबसाइट पर अपलोड़ किये जाने पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई।

5– प्रचार प्रसार हेतु विद्यालयी छात्रों के लिए कैरियर काउंसिलिग/विज्ञान प्रतियोगिताओं/प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं इत्यादि का विश्वविद्यालय में आयोजन किये जाने पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई।

6– विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो के माध्यम से भी प्रचार प्रसार कार्यक्रमों के संचालन पर सहमति दी गई।

H.V. Lohani

04/7/22

7– राजकीय इंटर कॉलेज / प्राइवेट कॉलेजों में ऐसे शिविरों का आयोजन करना जिनके माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठयक्रमों की जानकारी छात्रों को उपलब्ध कराई जा सके । कालेजों के चयन हेतु समिति के द्वारा अपने स्तर से कार्यवाही की जायेगी ।

8– विश्वविद्यालय के प्रचार प्रसार प्रकोष्ठ प्रकोष्ठ के द्वारा वेबसाइट पर अपना पेज तैयार किये जाने और उक्त प्रकोष्ठ के द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी व विश्वविद्यालय के विभागों द्वारा की जा रही प्रमोशनल एक्टिविटी की जानकारियॉ गूगल ड्राइव पर अपलोड की जाएंगी। गोद लिए गए गावों में की गई गतिविधियों की जानकारी भी इसी पेज पर अपलोड की जायेगी ।

उपरोक्त सभी बिन्दुओं को सर्व सम्मति से पारित कर अन्त में निदेशक, सीका को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न हुई।

H.V.

04/7/22

22

PAGE NO
DATE / /

दिनांक 29/06/2022 को निदेशक समिति की अध्यक्षता में प्रचार प्रकोष्ठ की बैठक का उपस्थिति विवरण :-

1 - प्रोफेसर आर० सी० मिश्रा - अध्यक्ष, समिति -
2 - डॉ गगन सिंह - सदस्य, समिति - [signature] 29/06/2
3 - डॉ सुमित प्रसाद - सदस्य, समिति - [signature] 29/06
4 - प्रोफेसर रेनु प्रकाश - अध्यक्ष प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ -
5 - डॉ ममता कुमारी - समन्वयक प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ [signature]
6 - डॉ गौरी नेगी - सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ - [signature]
7 - डॉ दीपक कुमार - सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ - [signature] 29
8 - डॉ गोपाल दत्त - सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ - [signature]
9 - श्री राजेन्द्र क्वीरा - सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ -
10 - श्री विनोद बिष्वानी - सदस्य, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ -